शास० कोदुराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ बेमेतरा

आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा २०२१-२२

बी० ए० भाग - 1

विषय — हिन्दी साहित्य (प्रथम प्रश्न-पत्र)
(प्राचीन हिन्दी काव्य)

पूर्णांक - 75

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नो के अंक उनके सामने अंकित हैं।

1, निम्नलिखित का सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सतगुरु की महिमा अनन्त, अनन्त किया उपकार।
लोचन अनन्त उघाड़िया, अनन्त दिखावण हार ॥
दीपक दीया तेल भरि, बाती दई अघट्ट। 15
पूरा किया बिसाहूंणा, बहुरि न आवौं हट्ट ॥
भगति भजन हरि नांव है, दूजा दुक्ख अपार।
मनसा वाचा कर्मना, कबीर सुमिरण सार ॥

2, सूरदास जी ने भ्रमरगीत में ज्ञान पर भक्ति की विजय वर्णित की हैं। आप सउदाहरण समझाइये। 15

3, तुलसीदास रचित 'रामचरितमानस' के सुन्दरकाण्ड की विशेषता एवं महत्व को स्थापित कीजिए। 15

4, 'घनानन्द' "प्रेम की पीर" के गायक हैं। इस कथन के आधार पर घनानन्द के काव्य विशेषताएं समझाइये। 15

5, रहीम के नीति-परक दोहों का जनमानस पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए। 15

शास० कोदुराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ - बेमेतरा

आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 2021-22

बी० ए० भाग - 1

विषय - हिन्दी साहित्य (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

पूर्णांक - 75

हिन्दी कथा साहित्य

नोट: सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नो के अंक उनके सामने अंकित हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशो का सप्रसंग व्याख्या कीजिए:-

'वह धन, जो भोजन में खर्च होना चाहिए, बाल-बच्चो को पेट काटकर गहनों की भेंट कर दिया जाता है। बच्चों को दूध न मिले न सही। घी की गन्ध तक उनके नाक में न पहुँचे, न सही। मेवों और फलों के दर्शन उन्हें न हो, कोई परवाह नही, पर देवी जी गहने जरूर पहनेंगी और स्वामी जी गहने जरूर बनवायेंगे। दस-दस, बीस-बीस रुपये पाने वाले क्लर्कों को देखता हूँ, जो सड़ी हुई कोठरियों में पशुओं की भाँति जीवन काटते है। जिन्हे सबेरे जलपान तक मयस्सर नही होता, उन पर भी गह की सनक सवार रहती है। इस प्रथा से हमारा सर्वनाश होता जा रहा है। मैं तो कहता हूँ, यह गुलामी पराधीनता से कही बढ़कर है। इसके कार हमारा कितना आत्मिक, नैतिक, दैहिक, आर्थिक एवं

धार्मिक पतन हो रहा है। इसका अनुमान ब्रह्मा भी नहीं कर सकते।' 15

2, 'कफन' कहानी सामाजिक व्यवस्था को उकेरने वाली वर्ग-संघर्ष की कहानी है। समझाइए। 15

3, 'मलबे का मालिक' कहानी विभाजन के दर्द को दर्शाती है। इस कथन की समीक्षा कीजिए। 15

4, 'चीफ की दावत' नामक कहानी के केन्द्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए। 15

5, कहानी के तत्वों के आधार पर 'ठेस' कहानी की समीक्षा कीजिए। 15